F.No.- CSU-LKO/2023-2024/Dir/01/
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर
विशाल खण्ड–04, गोमतीनगर, लखनऊ–226010
☎ 0522.2393748, Email- director-lucknow@csu.co.in
Website: - http://www.csu-lucknow.edu.in

दिनांक– 06.04.2023

## कार्यालय आदेश – 04

सभी तलों में एम.टी.एस. सम्बन्धी कार्य के लिये निम्नलिखित रूप में कार्य आवण्टित किये जाते हैं।

भूतल एवं प्रथम तल का कार्य श्री रामबदन राम, एम.टी.एस. देखेंगे।

द्वितीय एवं तृतीय तल का कार्य श्री संतोष कुमार, एम.टी.एस. देखेंगे।

दोनों में से किसी एक के अनुपस्थित रहने पर दूसरे व्यक्ति चारों तलों का कार्य देखेंगे।

**कार्य विवरण–**

डेस्क–बेंच, टेबल–कुर्सी आदि सभी उपस्करों की डस्टिंग करना, सम्बद्ध तलों में पीने के पानी की व्यवस्था करना, अपेक्षानुसार चाय इत्यादि का प्रबन्ध करना। सफाई कर्मचारी द्वारा सम्बन्धित तलों की पूर्ण सफाई करवाना, सभी कमरों की दरवाजे, खिड़की आदि खोलना तथा बन्द करना, आवश्यकतानुसार स्मार्ट क्लासरूम खोलना तथा बन्द करना, यथासमय शिक्षकों से छात्रोपस्थिति प्राप्त कर श्री वेद प्रकाश, एल.डी.सी. को उपलब्ध कराना और तत्सदृश अन्य आदेश जो अधोहस्ताक्षरी द्वारा या अनुभाग अधिकारी द्वारा लिखित या मौखिक रूप में दिये जायं उनका पालन करना।

दोनों में से किसी का भी अवकाश तभी स्वीकृत किया जायेगा जब दूसरे एम.टी.एस. द्वारा वह आवेदन–पत्र अग्रसारित होगा।

इसके अतिरिक्त सभी कक्षों के खिड़की, दरवाजा, शीशा, स्विच बोर्ड, अलमीरा साफ करना भी सम्बद्ध एम.टी. एस. का कार्य होगा। आने का समय प्रातः 9:00 बजे और जाने का समय सायं 6:00 बजे होगा।

श्री रामबदनराम को निर्देश दिया जाता है कि उनके पास जो भी कार्यालयीय कार्य हैं तत्सम्बन्धी सञ्चिकाएँ एवं अभिलेख श्री आकाश चौधरी, एल.डी.सी. को समर्पित कर दें।

श्री संतोष कुमार को निर्देश दिया जाता है कि शोध सम्बन्धी सभी सञ्चिकाएँ, अभिलेख आदि श्री वेद प्रकाश, एल.डी.सी. को समर्पित कर दें और डायरी, डिस्पैच सम्बन्धी सभी अभिलेख, पञ्जिका आदि श्री हर्षित निगम, एम.टी.एस. को समर्पित कर दें। स्टोर का कार्य पूर्ववत् देखते रहें। स्टोर सम्बन्धी कार्य अपराह्ण 3:00 से 5:00 ही करें।

साफ–सफाई इत्यादि करने के बाद श्री रामबदन राम कक्ष संख्या–45 के सामने बैठें और श्री संतोष कक्ष संख्या–28 के सामने बैठें। श्री हर्षित निगम, एम.टी.एस. और श्री कुलदीप आउटसोर्स्ड एम.टी.एस., अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्बद्ध रहेंगे।

( प्रो. सर्वनारायण झा )
निदेशक

प्रतिलिपि–

1 श्री आकाश चौधरी, एल.डी.सी.को सूचनार्थ
2 श्री वेद प्रकाश, एल.डी.सी. को सूचनार्थ
3 श्री रामबदन राम, एम.टी.एस. को सूचनार्थ
4 श्री संतोष कुमार, एम.टी.एस. को सूचनार्थ
5 श्री हर्षित निगम, एम.टी.एस. को सूचनार्थ
6 श्री कुलदीप, आउटसोर्स्ड एम.टी.एस. को सूचनार्थ
7 कार्यालय आदेश सञ्चिका
8 सम्बद्ध सञ्चिका के लिए डॉ. काशीनाथ द्विवेदी, सहायक
9 व्यक्तिगत सञ्चिका
10 लेखा विभाग
11 संयोजक शोध
12 पुस्कालय
13 वेबसाइट पर अपलोड हेतु श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक
14 निदेशक कार्यालय प्रति

निदेशक